# श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र बावनगजा (चूलगिरि) ट्रस्ट

## चुनाव संबंधी विशेष निर्देश

1. क्षेत्र की सुविधा एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये यह निर्णय लिया गया की क्षेत्र के आसपास के गॉवों को 6 झोनो में बांटकर कुल 16 ट्रस्टियों का चुनाव (झोन पद्धति से 10 और खुली श्रेणी से 6 ट्रस्टियों का चुनाव) होगा।
2. झोन पद्धति के अनुसार होने वाले चुनाव की सूची निम्नानुसार है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| झोन न. 01 | बड़वानी–अंजड़ | – | 02 ट्रस्टी |
| झोन न. 02 | मनावर–बाकानेर | – | 03 ट्रस्टी |
| झोन न. 03 | कुक्षी–गंधवानी | – | 02 ट्रस्टी |
| झोन न. 04 | धरमपुरी–धामनोद | – | 01 ट्रस्टी |
| झोन न. 05 | खरगोन–मण्डलेश्वर महेश्वर | – | 01 ट्रस्टी |
| झोन न. 06 | झाबुआ–राणापुर | – | 01 ट्रस्टी |
| झोन न. 07 | खुली श्रेणी | – | 06 ट्रस्टी |

3. झोन पद्धति में नामांकन भरने वाले ट्रस्टियों का चुनाव संबंधित झोन के नाम निर्देशन के अधीन होंगें।
4. खुली श्रेणी में नामांकन भरने वाले ट्रस्टियों के चुनाव सभी के लिये समान होंगें
5. एक व्यक्ति एक ही श्रेणी या झोन से चुनाव लड़ सकेगा।
6. झोन से नामांकन भरने वाले सदस्य की सदस्यता उस झोन के गॉव/शहर की होना अनिवार्य है, साथ ही उसी झोन के स्थाई सदस्यों में से 01 प्रस्तावक एवं 03 समर्थक पत्र नामांकन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. झोन पद्धति या खुली श्रेणी में नाम निर्देशन शुल्क 2100रू. एवं जमानत राशि 10000रू. जमा करना अनिवार्य होगा।
8. जमानत राशि 10 प्रतिशत से कम अथवा 100 मतों से कम वोट प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की जप्त कर ली जावेगी तथा शेष सदस्यों की जमानत राशी परिणाम घोषित होने के 3 दिवस के पश्चात् वापस कर दी जावेगी।
9. जब्त की गई राशी का उपयोग क्षेत्र के विकास में किया जावेगा।
10. दिनांक 04 सितम्बर 2021 शाम 5 बजे से प्रचार प्रतिबंधित रहेगा।
11. यदि सप्रमाण बाद में चुनाव प्रचार की जानकारी निर्वाचन पदाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाती है, तो नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
12. दिनांक 25 जुलाई 2021 रविवार को आजीवन सदस्यों की सूची जारी की जाना है, अतः समस्त सदस्यों से सादर निवेदन है कि अपनी बकाया सदस्यता राशि, या अन्य राशियां, दान घोषणायें आदि जमा कर नो ड्यूज प्राप्त कर लेवें ताकि उनके नाम सदस्यता सूची में प्रकाशित किये जा सकें। नो ड्यूज पर हस्ताक्षर अध्यक्ष/सचिव एवं कोषाध्यक्ष के हस्ताक्षर होना अनिवार्य होंगे।
13. दिनांक 26 जुलाई से 5 सितम्बर 2021 तक आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी इस दौरान नवीन निर्माण कार्य प्रतिबंधित रहेंगे, पूर्व से चल रहे निर्माण कार्य ही गतिशील रहेंगे।
14. पूर्व से निर्धारित एवं मनोनीत ट्रस्टी पर भी यदि कोई बकाया राशि है तो उन्हें भी वे सभी राशियां जमा कर नो ड्युज प्राप्त करना होगा ताकि उनका नाम मनोनीत ट्रस्टियों की सूची में शामिल किया जा सकें।
15. मतदाता सूची क्षेत्र से प्राप्त करने हेतु 1000/–रू नगद जमा करके प्राप्त कर सकेंगे।

25/7/21

| | | |
|---|---|---|
| पदम कुमार जैन | अंतिम कुमार जैन | अशोक कुमार जैन |
| मुख्य चुनाव अधिकारी | चुनाव अधिकारी | चुनाव अधिकारी |
| मुख्य चुनाव अधिकारी<br>श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र (चूलगिरि)<br>बावनगजाजी ट्रस्ट जिला–बड़वानी (म.प्र.) | चुनाव अधिकारी<br>श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र (चूलगिरि)<br>बावनगजाजी ट्रस्ट जिला–बड़वानी (म.प्र.) | चुनाव अधिकारी<br>श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र (चूलगिरि)<br>बावनगजाजी ट्रस्ट जिला–बड़वानी (म.प्र.) |

# श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र बावनगजाजी (चूलगिरि) ट्रस्ट

क्र./ /सामान्य निर्वाचन/2021 दिनांक – 25/07/2021

अस्थाई ट्रस्टियों के निर्वाचन हेतु साधारण सभा की बैठक रविवार दि. 04 अप्रैल 2021

सम्मानीय सदस्यगण,

श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र बावनगजाजी चूलगिरि ट्रस्ट में रिक्त 16 अस्थाई ट्रस्टियों के पद पर निर्वाचन हेतु ट्रस्ट बोर्ड की दि. 04 अप्रैल 2021 को सम्पन्न बैठक में मुझे (पदम कुमार जी जैन) मुख्य निर्वाचन अधिकारी घोषित किया गया। ट्रस्ट बोर्ड की सहमति से मैं (पदम कुमार जैन) श्री अंतिम कुमार जी जैन अंजड़ तथा श्री अशोक कुमार जी जैन को निर्वाचन अधिकारी मनोनीत कर निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु अधिकृत किया गया है। तदनुसार मै निर्वाचन मण्डल की सहमति एवं विचार विर्मश पश्चात निम्नानुसार कार्यक्रम की घोषणा करता हूँ।

## —: निर्वाचन कार्यक्रम :—

1. दि. 25 जुलाई 2021 रविवार सदस्य सूची का प्रकाशन किया जावेगा जो एक दिवस पश्चात् क्षेत्र की वेबसाइट WWW.bawangaja.com पर भी उपलब्ध करा दी जावेगी।
2. सदस्य सूची प्रकाशित की जाकर बावनगजा क्षेत्र स्थित कार्यालय में अवलोकनार्थ उपलब्ध है इच्छुक महानुभाव अपेक्षित शुल्क भुगतान कर सदस्य (मतदाता) सूची प्राप्त कर सकते है।
3. निर्वाचन हेतु नामांकन पत्र बावनगजा कार्यालय से निर्धारित शुल्क राशि 1000रू भुगतान कर 26 जुलाई 2021 सोमवार से 06 अगस्त 2021 शुक्रवार शाम 5.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेगें।
4. निर्वाचन मण्डल द्वारा नामांकन की जॉच कर 7 अगस्त 2021 शनिवार को दोप. 2 बजे बावनगजा स्थित कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जावेगी।
5. नामांकित उम्मीदवार दि. 14 अगस्त 2021 शनिवार दोप. 2 बजे तक लिखित आवेदन देकर नाम वापस ले सकेंगे।
6. शेष प्रत्याशियों की सूची दि. 15 अगस्त 2021 रविवार 2 बजे बावनगजा कार्यालय से सूचना पटल पर प्रदर्शित की जावेगी। र्निविरोध निर्वाचन की स्थिति में ट्रस्ट के अध्यक्ष का चुनाव दिनांक 29 अगस्त 2021 रविवार को दोप. 2 बजे किया जावेगा।
7. अपेक्षित पदो से अधिक व्यक्तियों के नामांकन प्राप्त होने पर सभी मतदाताओं द्वारा मतदान के उपरांत गणना कर, विजयी प्रत्याक्षियों का निर्वाचन किया जावेगा। तदर्थ 05 सितम्बर 2021 रविवार को आहुत बैठक में प्राप्त 9.00 बजे से दोप. 5.00 बजे तक ट्रस्ट के वे सदस्य जिनकी सदस्यता दिनांक 31 दिसम्बर 2020 तक स्वीकृत की गई, मतदान कर सकेंगे।
8. मतदान उपरांत 5 सितम्बर 2021 रविवार रात्रि 9 बजे /मतगणना उपरान्त बहुमत के आधार पर निर्वाचन ट्रस्टियों के नामों की घोषणा की जावेगी।
9. निर्वाचन मण्डल को आवश्यकतानुसार कार्यक्रम में परिवर्तन करने का अधिकार होगा। जो सभी उम्मीदवारों को मान्य होगा।

## विशेष सूचना :–

1. ट्रस्ट कार्यालय पर उलब्ध रिकार्ड में सदस्यों के विवरण एवं चित्र से मतपत्र दिया जावेगा।
2. सुविधा हेतु, वर्तमान में प्रचलित फोटो परिचय पत्र (मतदाता परिचय पत्र (EPIC), पेन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस) शासन द्वारा जारी परिचय पत्र में से एक मूल लाना अनिवार्य होगा।
3. व्यवस्था की दृष्टि से दिनांक 05 सितम्बर 2021 रविवार को चुनाव संबंधी बेनर, होल्डिंग पोस्टर, पेम्पलेट, प्रचार सभा आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।
4. निर्वाचन तथा मतदान संबंधी समस्त निर्णय मुख्य चुनाव अधिकारी तथा चुनाव अधिकारी की सहमति से लिए गए निर्णय सभी पर बाध्यकारी एवं अंतिम होंगे।
5. प्रत्येक शिकायत/आपत्ति केवल लिखित में ही स्वीकार्य की जाएगी। मौखिक शिकायत/आपत्ति शून्य होगी तथा लिखित पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

सभी सम्मनीय सदस्यों तथा उम्मीदवारों से सादर निवेदन है कि कृपया व्यवस्था का अनुपालन कर क्षेत्र की गरिमा बनाये रखने में सहयोग प्रदान करेंगे।

**नोट –: निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति में ट्रस्ट के अध्यक्ष का चुनाव दिनांक 29 अगस्त 2021 रविवार को दोप. 2 बजे किया जावेगा।**

25/7/2021

पदम कुमार जैन
मुख्य चुनाव अधिकारी

मुख्य चुनाव अधिकारी
श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र (चूलगिरि)
बावनगजाजी ट्रस्ट जिला–बड़वानी (म.प्र.)

अंतिम कुमार जैन
चुनाव अधिकारी

चुनाव अधिकारी
श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र (चूलगिरि)
बावनगजाजी ट्रस्ट जिला–बड़वानी (म.प्र.)

अशोक कुमार जैन
चुनाव अधिकारी

चुनाव अधिकारी
श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र (चूलगिरि)
बावनगजाजी ट्रस्ट जिला–बड़वानी (म.प्र.)